# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| अनुच्छेद | Topic : अनुच्छेद– वृक्षों के लाभ | Note: Pl. write in your note book. |

## अनुच्छेद– वृक्षों के लाभ ।

पेड़ हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं जो हमें जीवन भर साथ देते हैं। वे हमें साँस लेने के लिए ऑक्सीजन देते हैं जिसके बिना हम जीवित नहीं रह सकते। पेड़ों से हमें भोजन, दवा, आश्रय आदि मिलता है। पक्षी, वानर, गिलहरी आदि जीव वृक्षों पर शरण लेते हैं । वृक्ष धरती की हरियाली एवं शोभा बढ़ाते हैं । ये प्राणवायु छोड़कर सारे संसार का भला करते हैं । ये वर्षाकारक हैं । भूमि का रक्षण और बाढ़ रोकने में वृक्षों सा मददगार कोई नहीं । वृक्षों से रबड़, गोंद, लाख, दातुन, जड़ी–बूटी आदि उपयोगी पदार्थ प्राप्त होते हैं । पेड़ हमें सेब, आम, केला, संतरा, कीवी आदि फल देते हैं।

पेड़ हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हैं, हानिकारक गैसें लेकर हवा को भी साफ करते हैं। जलवायु में सुधार करते हैं, पानी तथा मिट्टी को संरक्षित करते हैं और वन्य जीवन का समर्थन करते हैं। वे ठंडा रखते हैं। । धरती पर जितने अधिक वृक्ष होंगे, इसकी सुंदरता उतनी ही बढ़ेगी।

जीवन के हर क्षेत्र में वृक्षों का महत्व बहुत अधिक है। हमारे स्वास्थ्य से लेकर निवास तक हर जगह पेड़ों का महत्व देखा जा सकता है। पेड़ो का उपयोग दवाई बनाने के लिए किया जाता है ।

हमारे घर के लिए सुंदर फर्नीचर लकड़ी से ही बनता है। कई उद्योग जैसे फर्नीचर, लुगदी और कागज आदि पेड़ों पर आधारित हैं। ये देश के विकास में मदद करते हैं। हम पेड़ों के बिना नहीं रह सकते। इसलिए हमें हमेशा पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।